National Conference on "The Legal Advancement of 21st Century with respect to Technological and Social Advancement at The ICFAI University, Dehradun

जमीनी स्तर पर कानून को लागू करने की जरूरत : बड़थ्वाल

देहरादून (एसएनबी)। इक्फाई विश्वविद्यालय में नारायणदास सेंटर फोर सोशल डेवलपमेंट एण्ड रिसर्च द्वारा 'तकनीकी और सामाजिक उन्नति के संबंध में 21वीं सदी की कानूनी प्रगति' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संवैधानिक कानून, सहकारी संघवाद, साइबर कानून, प्रबंधन, सामाजिक विज्ञान और तकनीकी प्रगति जैसे विषयों पर चर्चा की गयी। दो दिवसीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजय बड़थ्वाल ने कहा कि तकनीकी प्रगति के कारण महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध में वृद्धि हुई है। ऐसे मे जमीनी स्तर पर कानून लागू करने की आवश्यकता है। साथ ही समाज को भी अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होना होगा। ब्रिगेडियर (सेनि.) राजीव सेठी कहा कि तकनीकी यगु में युद्ध का तरीका बदल गया है। अब साइबर युद्ध का समय है जिसके लिए दृढ़ता से तैयारी करनी होगी। सम्मेलन में इक्फाई विवि के कुलपति डा. पवन कुमार अग्रवाल, दिल्ली विवि के प्रोफेसर डश. वीके आहूजा, दिनेश प्रसाद गैरोला, प्रो. (डा.) मुड्डू विनय आदि ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर निदेशक मोनिका खरोला, संयुक्त निदेशक डा. आशीष सिंघल, सम्मेलन के संयोजक डा. नवतिका सिंह नौटियाल, साक्षी शिवहरे, कार्तिक सचदेवा आदि मौजूद थे। सम्मेलन में एनएलयू रांची, आईपी विश्वविद्यालय दिल्ली, जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी भोपाल, एनएलयू नागपुर, एनएलयू गांधीनगर, यूपीईएस के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन का उद्घाटन करते विवि के प्रतिनिधि।

Rashtriya Sahara

कानूनी और तकनीकी विषयों की जानकारी दी

विकासनगर। नारायणदास सेंटर फॉर सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च संस्थान की ओर से इक्फाई यूनिवर्सिटी में 'भविष्य की संभावनाएं' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सांविधानिक व्यवस्था, सहकारी संघवाद, साइबर कानून, प्रबंधन, सामाजिक विज्ञान और तकनीकी प्रगति जैसे विषयों पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली विश्वविद्यालय प्रोफेसर के डॉ. वीके आहूजा और उत्तराखंड इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमिशन के कार्यवाहक चेयरमैन दिनेश प्रसाद गैरोला ने किया। बतौर मुख्य अतिथि महिला आयोग की अध्यक्ष विजय बर्थवाल शामिल हुई। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते प्रयोग के बीच महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध में वृद्धि हुई है। इस मौके पर निदेशक मोनिका खरोला, संयुक्त निदेशक डॉ. आशीष सिंघल, सम्मेलन के संयोजक डॉ. नवतिका सिंह नौटियाल, एनजीओ के प्रतिनिधि साक्षी शिवहरे, कार्तिक सचदेवा मौजूद रहे। ब्यूरो

Amar Ujala

को सूचित कर दिया। आर्यन आनंद ने पांचवें मिनट में दाग फाइनल मुकाबला 6-0 से जीत प्रतिभाग किया था।

इक्फाई में तकनीकी और सामाजिक उन्नति के संबंध में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराध वृद्धि पर जताई चिंता

शाह टाइम्स संवाददाता

सेलाकुई। नारायणदास सेंटर फार सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च द्वारा भविष्य की संभावनाओं और इक्फाई विश्वविद्यालय के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस बहु-विषयक सम्मेलन में संवैधानिक कानून, सहकारी संघवाद, साइबर कानून, प्रबंधन, सामाजिक विज्ञान और तकनीकी प्रगति जैसे विषयों पर चर्चा की गयी। सम्मेलन को आयोजित करने का मकसद कौशल और अनुसंधान क्षमता को बढ़ाना था।

कार्यक्रम के अतिथियों प्रो. (डा.) वीके आहूजा (प्रोफेसर इन चार्ज) दिल्ली विश्वविद्यालय एवं दिनेश प्रसाद गैरोला, कार्यवाहक चेयरमैन, यूईआरसी, देहरादून द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड के महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विजय बर्थवाल ने

● साइबर युद्ध से निपटने को दृढ़ता से करनी होगी तैयारी

● सम्मेलन में संवैधानिक कानून, सहकारी संघवाद, साइबर कानून, प्रबंधन, सामाजिक विज्ञान और तकनीकी प्रगति जैसे विषयों पर चर्चा की गयी

ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि तकनीकी प्रगति के कारण महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध में वृद्धि हुई है। प्रौद्योगिकी ने प्रबलता प्रदान की है तथा आधुनिक दुनिया को सद्भाव में रहने में मदद की है। उन्होंने दृढ़ता से सुझाव दिया कि अगर हमें जमीनी स्तर पर कानून लागू करने की आवश्यकता है तो समाज को अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होना होगा। ब्रिगेडियर राजीव सेठी (रिटायर्ड) इक्फाई विश्वविद्यालय ने दर्शकों को बताया कि युद्ध का भविष्य बदल गया है और अब साइबर युद्ध का समय है, जिसके लिए हमें दृढ़ता से तैयारी करनी होगी।

कार्यक्रम में प्रो. (डा.) पवन के अग्रवाल, प्रो. (डा.) वीके आहूजा एवं दिनेश प्रसाद गैरोला, प्रो. (डा.) मुद्दू विनय, प्रो. वीसी इक्फाई विश्वविद्यालय, कुलपति इक्फाई विश्वविद्यालय, सम्मेलन की निदेशक सुश्री मोनिका खारोला और संयुक्त निदेशक डा. आशीष सिंघल, सम्मेलन के संयोजक डा. नवतिका सिंह नौटियाल, एनजीओ के प्रतिनिधि सुश्री साक्षी शिवहरे, (छात्र संयोजक) और सह संयोजक कार्तिक सचदेवा उपस्थित रहे। सम्मेलन में एनएलयू रांची, आईपी विश्वविद्यालय दिल्ली, जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी भोपाल, एनएलयू नागपुर, एनएलयू गांधीनगर, यूपीईएस, आदि ने प्रस्तुतकर्ताओं के रूप में इस उद्देश्य को पूरा किया।

Shah Times